तापमान
अधिकतम 43.4 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

11 पूरे परिवार के भविष्य को बर्बाद कर देता है नशा : ढांगी



12 बिजली कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### शादी से लौट रही महिला के बैग से सोने के जेवर चोरी

**सोनीपत।** शादी समारोह से घर लौट रही एक महिला के बैग से सोने के जेवर और 20 हजार रुपये नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आशंका जताई है कि चोरी की वारदात गन्नौर से मुरथल के बीच रोडवेज बस में यात्रा के दौरान हुई। झज्जर के गांव भूरावास निवासी मधुबाला ने मुरथल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे के साथ गन्नौर में रिश्तेदारी के शादी समारोह से लौट रही थीं। बस से मुरथल उतरने के बाद वह ऑटो से सोनीपत बस स्टैंड पहुंचीं। ऑटो से उतरते समय बैग की जांच करने पर उसमें रखी सोने की चेन, दो अंगूठियां, टॉप्स और 20 हजार रुपये नकद गायब मिले। शिकायत के आधार पर मुरथल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

### अधेड़ ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**खरखौदा।** खरखौदा-सांपला रोड स्थित एनएच-334बी के पास एक खेत में अधेड़ व्यक्ति का शव नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान वार्ड-7 निवासी दलबीर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। सूचना मिलने पर खरखौदा थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। शव की शिनाख्त होने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। परिजनों के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोर की मौत, केस

**गन्नौर।** गांव अगवानपुर निवासी 17 वर्षीय किशोर की जहरीला पदार्थ खाने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने टेंट हाउस संचालक और उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता कृष्ण ने बताया कि उसका पुत्र दीक्षु पिछले करीब 25 दिनों से पांची रोड स्थित एक टेंट हाउस में काम करता था। कुछ दिन पहले टेंपो दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद हुए नुकसान की भरपाई के लिए वह वहीं काम कर रहा था। आरोप है कि 24 जून की रात संचालक और उसकी पत्नी उसे घर से अपने साथ ले गए और प्रताड़ित किया। इससे आहत होकर उसने अगले दिन जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे खानपुर कलां स्थित पीजीआई लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और शिकायत के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

## रेलवे अधिकारियों व तकनीशियन टीम की देखरेख में रेल का सफल ट्रायल

# अंतिम चरण में हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल, दिल्ली-सोनीपत रूट पर 80 से 120 किमी की रफ्तार से दौड़ी, लगाए चार फेरे

### जींद-पानीपत, जींद-सोनीपत और जींद-रोहतक वाया पुरानी दिल्ली रूट पर ट्रायल पहले ही पूरे हो चुके, अब दिल्ली-सोनीपत रेलखंड पर सफल परीक्षण के बाद प्रधानमंत्री की मंजूरी मिलते ही ट्रेन का नियमित संचालन सोनीपत-जींद रूट पर शुरू हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन अपने नियमित परिचालन से पहले अंतिम चरण के परीक्षण से गुजर रही है। शुक्रवार को रेलवे ने पुरानी दिल्ली-सोनीपत रेलखंड पर ट्रेन का ट्रायल लिया, जिसमें इसे 80 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाकर ट्रैक बैलेंसिंग, ब्रेकिंग सिस्टम, सिग्नलिंग, वायरिंग और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की जांच की गई। ट्रायल के दौरान ट्रेन ने पुरानी दिल्ली और सोनीपत के बीच चार फेरे लगाए। सुबह ट्रेन जींद से पुरानी दिल्ली लाई गई, जहां से दोपहर बाद इसे सोनीपत के लिए रवाना किया गया। ट्रेन दोपहर 1:25 बजे सोनीपत स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर पहुंची और करीब 29 मिनट रुकने के बाद दोबारा पुरानी दिल्ली के लिए रवाना हुई। इस दौरान रेलवे की तकनीकी टीम और आरपीएफ कर्मी ट्रेन में मौजूद रहे।



सोनीपत। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 3 पर पहुंची देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### तकनीकी परीक्षण पूरे होने का इंतजार

रेलवे सूत्रों के अनुसार इससे पहले जींद-पानीपत, जींद-सोनीपत और जींद-रोहतक वाया पुरानी दिल्ली रूट पर भी ट्रायल पूरे किए जा चुके हैं। अधिकारियों का मानना है कि सभी तकनीकी परीक्षण पूरे होने के बाद प्रधानमंत्री की मंजूरी मिलते ही ट्रेन का नियमित संचालन सोनीपत-जींद रूट पर शुरू किया जा सकता है।

### 8 कोच वाली ट्रेन में 2500 यात्रियों के बैठने की क्षमता

यह देश की पहली और दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल होगी। आठ कोच वाली यह ट्रेन करीब 2,500 यात्रियों को लेकर 140 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से चल सकेगी। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से उत्पन्न बिजली पर चलने वाली यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी और इससे केवल जलवाष्प का उत्सर्जन होगा। प्रस्तावित योजना के अनुसार ट्रेन का ठहराव जींद, पांडु पिंडारा, भंभेवा, गोहाना, मोहाना और सोनीपत सहित सात स्टेशनों पर होगा। रेलगाड़ी के शुरू होने से यात्रियों को प्रदूषण रहित सफर का आनंद मिलेगा।

# कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिक्षा मंत्री सख्त, जेई पर कार्रवाई के निर्देश

### 16 में से 9 शिकायतों का मौके पर निपटारा, तीन मामलों की जांच को बनीं कमेटियां

शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जवाबदेही तय होगी : महिपाल ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। बैठक में रखी गई 16 शिकायतों में से 9 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक से पहले कार्रवाई पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान शास्त्री कॉलोनी निवासी सुनीता देवी की शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने बिजली विभाग के संबंधित जेई के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता को मीटर पोर्टल पर अपडेट नहीं होने के कारण 71,102 रुपये का औसत बिल भेजा गया था। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह राशि शिकायतकर्ता से वसूल नहीं की जाएगी।

गांव अहमदपुर में पानी के खाल पर कब्जे की शिकायत की जांच के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। वहीं स्कूल में कथित गबन और पैतृक संपत्ति विवाद के दो अन्य मामलों की जांच के लिए क्रमशः एडीसी और एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटियां बनाई गईं।



सोनीपत। परिवेदना समिति की बैठक में सुनवाई करते शिक्षामंत्री ढांडा व अधिकारी।



सोनीपत। बैठक में शिकायत रखती महिला।

### बैठक में शिकायतों पर भी हुई सुनवाई

- रायपुर निवासी रणजीत सिंह की नगर निगम से एनओसी नहीं मिलने की शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने एडीसी को मामले का समाधान करने के निर्देश दिए
- गढ़ी ब्राह्मणान निवासी गौरव की निजी अस्पताल से संबंधित शिकायत की जांच किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराने के निर्देश पुलिस आयुक्त को दिए गए
- निजामपुर माजरा में पेयजल समस्या पर पब्लिक हेल्थ विभाग ने बताया कि आधे से अधिक गांव में पाइपलाइन बिछ चुकी है, शेष कार्य अगले महीने शुरू होगा। शिक्षा मंत्री ने हर घर तक पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्य प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए
- धार्मिक स्थल से संबंधित शिकायत पर पुलिस विभाग को जांच करने, बाहरी तत्वों पर नजर रखने और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए
- रोहट निवासी अजय की शामलात भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# असम के कारोबारी से 1.12 करोड़ की ठगी 34 टन सुपारी हड़पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली क्षेत्र में असम के एक चाय एवं सुपारी कारोबारी से 1.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने 34 टन सुपारी खरीदने का सौदा कर पांच लाख रुपये अग्रिम दिए और पूरा माल कोल्ड स्टोर में उतरवाने के बाद बकाया राशि का भुगतान किए बिना फरार हो गए। कुंडली थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असम के जोरहाट निवासी मनोरंजन हजारिका ने पुलिस को बताया कि उनके साझेदार के माध्यम से सुपारी खरीदने के लिए संपर्क किया गया था। पहले दिल्ली में सौदा नहीं होने के बाद राजस्थान निवासी शरद कुमार के जरिए कुंडली में 345 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सौदा तय हुआ। इसके बाद उनके कर्मचारी सुपारी से लदा ट्रक लेकर कुंडली पहुंचे, जहां आरोपियों ने पांच लाख रुपये एडवांस देकर ट्रक को एक कोल्ड स्टोर में ले जाकर पूरा 34 टन माल उतरवा लिया। शिकायत के अनुसार, माल उतरने के बाद कर्मचारियों को भुगतान कराने के बहाने दिल्ली भेज दिया गया, जहां आरोपी का एक साथी उन्हें चकमा देकर फरार हो गया। बाद में आरटीजीएस से भुगतान का आश्वासन भी पूरा नहीं किया गया। पीड़ित का आरोप है कि शरद कुमार, पिंटू, जितेंद्र, भूपेंद्र, नवरत्न समेत अन्य लोगों ने मिलकर करीब 1.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।




पांच लाख एडवांस देकर कोल्ड स्टोर में उतरवाया माल, भुगतान से पहले आरोपी फरार, केस

# खेतों के रास्ते में लगे बिजली पोल से किसान परेशान



**गन्नौर।** गांव दुभेटा में खेतों के सार्वजनिक रास्ते के बीच लगे बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर किसानों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। करीब 200 एकड़ कृषि भूमि तक जाने वाले रास्ते में पोल होने से ट्रैक्टर, कृषि यंत्र और अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान विरेंद्र पहल, जिला सचिव अनिल सरगथल और गन्नौर ब्लॉक प्रधान कृष्ण किसानों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। किसानों ने बताया कि धान की रोपाई के समय खेतों तक पहुंचने में भारी दिक्कत आ रही है, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। यूनियन पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रवीण गोयल को फोटो और वीडियो भेजकर समस्या से अवगत कराया।

# आवारा कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**सोनीपत।** गांव तिहाड़ कलां में आवारा कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। मोर को बचाने का प्रयास कर रहे ग्रामीण विक्की दुग्गल भी कुत्तों के हमले में घायल हो गए। सूचना मिलने पर रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा और मनोज दहिया मौके पर पहुंचे और घायल मोर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों और अधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद रक्षक सेना ने वन्य जीव विभाग को घटना की सूचना दी। विभाग को अवगत कराने के बाद राष्ट्रीय पक्षी मोर का पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। रक्षक सेना ने कहा कि वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।



मोर को बचाने के प्रयास में ग्रामीण घायल, रक्षक सेना ने पूरे सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

## प्रवेश के लिए सिर्फ चार दिन शेष, 844 सीटों में अब तक 303 पंजीकरण

# आईटीआई में दाखिले की रफ्तार सुस्त 35% सीटों के लिए ही हुए पंजीकरण

### मिशन एडमिशन पर संकट, ट्रेड ऑप्शन नहीं होने से असमंजस में विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही है। अंतिम तिथि में केवल चार दिन शेष रहने के बावजूद सोनीपत आईटीआई में 844 सीटों के मुकाबले अब तक सिर्फ 303 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। यानी करीब 65 प्रतिशत सीटों पर अभी भी आवेदन नहीं पहुंचे हैं। आईटीआई प्रबंधन के अनुसार इस बार प्रवेश पोर्टल पर ट्रेड (कोर्स) विकल्प उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थी असमंजस में हैं। पोर्टल पर केवल सीटों की संख्या दिखाई जा रही है, जबकि किस संस्थान में कौन-सा ट्रेड उपलब्ध है, इसकी जानकारी नहीं मिल रही। इसी कारण कई विद्यार्थी पंजीकरण कराने से बच रहे हैं। संस्थान की ओर से इस समस्या की जानकारी कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय को भी दी गई, लेकिन अब तक पोर्टल में सुधार नहीं किया गया है। इससे प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और निर्धारित लक्ष्य पूरा होने पर भी संशय बना हुआ है। आईटीआई के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि 30 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने इच्छुक विद्यार्थियों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील करते हुए कहा कि हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



सोनीपत। राठधना रोड स्थित आईटीआई में हेल्प डेस्क पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाते युवा।

- पोर्टल पर ट्रेड (कोर्स) विकल्प नहीं मिलने की शिकायत निदेशालय तक पहुंची, अब तक नहीं हुआ समाधान
- ऑनलाइन पंजीकरण की धीमी रफ्तार से आईटीआई प्रबंधन की बढ़ी चिंता

### बाइक चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार रिमांड पर भेजा



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित बिजली निगम के कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी कर ली। शहर थाना की पुलिस ने आरोपित गांव गढ़ी उजाले खां की नई बस्ती के रमेश उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

गांव खानपुर कलां के सागर ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार को बिजली कार्यालय में बिल भरने गया था। कार्यालय के बाहर से उसकी बाइक चोरी कर ली गई। इसी मामले में पुलिस ने आरोपित बंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।





# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

लाइफ Style

# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई



माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौंवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

हॉलीवुड मसाला



# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी



**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।

# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म

# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

## नियमित नि:शुल्क योग कक्षा में शहरवासियों को नशे से होने वाले नुकसानों की जानकारी दी

# पूरे परिवार के भविष्य को बर्बाद कर देता है नशा : दांगी

- महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में नागरिकों को नशे के नुकसानों पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में नियमित निःशुल्क लगने वाली कक्षा में अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नागरिकों को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक किया गया।

योग शिक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा नशा व्यक्ति ही नहीं पूरे परिवार का भविष्य भी बर्बाद कर देता है। नशा एक ऐसी बीमारी है जो न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करती बल्कि उसके पूरे परिवार को आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से बर्बाद कर देती है। व्यक्ति नशा पहले शौक में शुरू करता है और बाद में नशे का शौक कब शोक में बदल जाए इसका पता नहीं चलता। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग साधक सुरेश पंवार ने की। उन्होंने कहा योग से पहले वह भी नशे की गिरफ्त में था। जिस दिन से वह योग कक्षा से जुड़ा हुआ उसी दिन से उनकी नशे की लत छूट गई। इस अवसर पर सुरेश धीमान, रणधीर राठी, कृष्णलाल पांचाल, विकास धीमान, ऋतिक दांगी, सुरेश कुमार, हवा सिंह व राजपाल राठी मौजूद रहे।



गोहाना। अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर योग करते हुए नागरिक।



### नशीली दवाओं को सेवन स्वास्थ्य पर डालता है दुष्प्रभाव

गोहाना। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर ग्राम सुधार समिति खन्दराई की टीम ने ग्रामीणों को नशे की लत के नुकसानों के बारे में जागरूक किया। इसके लिए समिति द्वारा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष जगमहेंद्र सिंह के अनुसार पहली बार 7 दिसम्बर 1987 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अधिकारिक रूप से दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से उनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मानने का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे से मुक्ति दिलाने का दिन है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है। नशे की लत मनुष्य को मानव से दानव बना देती है। नशा करने से शरीर में अनेक गंभीर बीमारियां प्रवेश कर जाती हैं जिसका निष्कर्ष अंत में मृत्यु प्राप्त करना होता है और साथ में उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है। इस अवसर पर समिति के प्रतिनिधि राम पांचाल, वेद प्रकाश, शमशेर सिंह, विकास, विशाल, अमन व सन्नी उपस्थित रहे।

### नशा समाज और देश को करता है बर्बाद : भौरिया

खरखौदा। अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर संघ समाज कल्याण सेवा समिति, निजामपुर खुर्द में नशीली चीजों और पदार्थों के निवारण के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पवन खरखौदा के पिता आजाद सिंह भौरिया रहे। उन्होंने अपने संबोधन में समाज के लोगों को नशे की बुराई के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा समाज में एक ऐसी बुराई है जो समाज और देश दोनों को बर्बाद कर देती है। इस दौरान समिति द्वारा नशा छोड़ चुके चार लोगों की सफलता की कहानी साझा की गई। इन चारों नशा मुक्त व्यक्तियों का जन्म दिवस के रूप में सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ने चारों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया और समाज के सामने उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। समिति की काउंसलर सुनीता, कोमल और प्रियंका ने बताया कि कार्यक्रम में उपचाराधीन व्यक्तियों को भी नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्हें बताया गया कि नशा छोड़ने के बाद जीवन में नई शुरुआत संभव है।



### रैली निकालकर छात्राओं और युवाओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश




सोनीपत। अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. ओप. परूथी और कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह के मार्गदर्शन में यूथ अगेंस्ट ड्रग सेल एवं टोबैको कंट्रोल सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्ति रैली' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। रैली की थीम नशा मुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान रही। इस जागरूकता अभियान में कॉलेज की लगभग 40 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर नशे, शराब एवं तंबाकू के सेवन के विरुद्ध प्रभावशाली नारे लगाए तथा समाज को नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. निहारिका ने छात्राओं के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास और जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

### मादक पदार्थ दिवस पर छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ



सोनीपत। टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा "नशा मुक्त भारत सप्ताह" (17 से 26 जून 2026) के समापन अवसर पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. उषा दहिया ने की। उन्होंने छात्राओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिव्या श्री ने छात्राओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान तथा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने में युवाओं की भूमिका की जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक प्रयासों से नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रेरित करना रहा।

## न्यूज डायरी

### कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अग्निकांड हादसे के मृतक युवक के परिजनों को दी सांत्वना



गोहाना। लखनऊ स्थित एक एनीमेशन एवं गेमिंग संस्थान में हुए भीषण अग्निकांड में गांव महीपुर के युवा भविष्य शर्मा की मृत्यु पर प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने गांव महीपुर पहुंचकर दिवंगत भविष्य शर्मा के पिता नरेन्द्र कुमार एवं अन्य परिजनों से मुलाकात की और उन्हें इस असहनीय दुख की घड़ी में सांत्वना दी। शुक्रवार दोपहर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा अपनी धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा के साथ गोहाना विधानसभा के गांव महीपुर पहुंचे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भविष्य शर्मा एक प्रतिभाशाली और होनहार युवा थे, जो अपने परिवार के सपनों को साकार करने के लिए लखनऊ में एनीमेशन एवं गेमिंग संस्थान में नौकरी करने गए थे। दुर्भाग्यपूर्ण अग्निकांड में उनका असामयिक निधन न केवल उसके परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में सरकार और समाज पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़े हैं। मंत्री ने परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा के साथ भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने परमात्मा से मृतक युवक की आत्मिक शांति की कामना की।

### स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन में तीन दिवसीय एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम शुरू



सोनीपत। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की ओर से युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर इंटर्न्स के लिए तीन दिवसीय एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 26 से 28 जून तक प्रतिदिन शाम 3:45 बजे से 7 बजे तक फाउंडेशन परिसर, सेक्टर-12, सोनीपत में आयोजित किया जा रहा है। इसमें 12 विभिन्न कॉलेजों के 80 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुभव आधारित सीखने का अवसर भी दिया जाएगा। तीन दिनों में टीम बिल्डिंग, ग्रासरूट एक्सपोजर, संघर्ष समाधान, नेतृत्व विकास, अपनी ताकत एवं कमजोरियों की पहचान, व्यावहारिक सीख और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास किया जाएगा। फाउंडेशन का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सरोकारों की समझ विकसित करने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत बनाना है।

### खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सतीश को सेवा के 38 साल बाद स्मृति चिन्ह भेंटकर दी भावभीनी विदाई



गोहाना। शुक्रवार को सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सतीश दहिया का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विभागीय कर्मचारियों ने उनको स्मृति चिह्न भेंट किए और उनके सुखमय जीवन की कामना की। सतीश दहिया पिछले पांच साल से विभाग के गोहाना कार्यालय में सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 30 जून 2026 को वे अपनी 38 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होंगे। इसी उपलक्ष्य में शुक्रवार को उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और डिपो धारकों ने उनको स्मृति चिह्न भेंट किए और उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर एएफएसओ राजेश हुड्डा, एसआईएफएस दमन सिंह, आईएफएस जितेंद्र लाठर, एसआईएफएस अमित कुमार, अनिरुद्ध, नागेंद्र, बाला देवी व डिपो धारक प्रधान दलवीर आर्य उपस्थित रहे।

## फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पार्कों को किया जा रहा विकसित : मदान

- वार्ड 16 के सिटी पार्क में नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक, मेयर एवं अन्य।

शुक्रवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने वार्ड नंबर-16 के रोहतक रोड स्थित सिटी पार्क में नगर निगम की ओर से कराए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर निगम पार्षद अनुराग जैन, पार्षद प्रत्याशी रहे नवीन मंगला तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर-16 के सिटी पार्क, महाराजा अग्रसेन पार्क, शास्त्री पार्क और इंडस्ट्रियल एरिया के पार्कों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सभी पार्कों में ओपन जिम, बच्चों के लिए झूले, आकर्षक पौधारोपण तथा वॉकिंग ट्रैक की मरम्मत और सुधार का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत इन पार्कों को इस प्रकार विकसित किया जा रहा है ताकि बच्चे, युवा और बुजुर्ग नियमित रूप से पार्कों का उपयोग कर स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें।

### विद्यार्थियों को पुलाव व रायता बनाना सिखाया

गोहाना। गीता विद्या मंदिर, गोहाना में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में शुक्रवार को पांचवें दिन विद्यार्थियों को पुलाव व रायता बनाना सिखाया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास की गतिविधियों में भी प्रतिभागिता की। भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की।भोजन निर्माण गतिविधि में शिक्षिका उषा, पूजा सैनी, कुसुम शर्मा, प्रेमलता गिरधर एवं विनिका के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट पुलाव एवं रायता बनाना सीखा। शैलजा एवं सोमवीर ने इंग्लिश स्पीकिंग सत्र को संचालित किया। गणपत ने घोष का अभ्यास कराया तथा अनिल ने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों एवं सावधानियों की जानकारी दी। स्वदेशी भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सीमा ने स्वदेशी विषय पर एक प्रेरक लघु नाटिका का अभ्यास करवाया।



### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शासनकाल में देश के विकास के लिए 12 साल बेमिसाल रहे : ग्रोवर

गोहाना। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता मनीष ग्रोवर ने शुक्रवार को गांव कथूरा स्थित नरवाल भवन में भैंसवाल, कथूरा और बुटाना मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। अध्यक्षता भाजपा के गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। संयोजन बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने किया। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल के 12 वर्ष बेमिसाल रहे हैं। देश ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति करते हुए कई उपलब्धियां हासिल कीं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना। उन्होंने विश्व में राष्ट्र का गौरव बढ़ाया। जिला अध्यक्ष मलिक ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और जिसके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार बिना खर्ची बिना पर्ची के योग्य युवाओं को रोजगार दे रही है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।



### एआई कार्यशाला में शिक्षकों को आधुनिक तकनीक के गुरों पर किया जागरूक

सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ में शिक्षकों के लिए एआई कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवीनतम तकनीकी उपकरणों से परिचित कराना तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और नवाचारपूर्ण बनाना था। रिसोर्स पर्सन संजय ने विभिन्न एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग, पाठ योजना निर्माण, प्रश्न-पत्र तैयार करने, प्रभावी प्रस्तुतीकरण और डिजिटल शिक्षण में एआई की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यशाला को ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। चेयरमैन एसके शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का समुचित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से एआई का रचनात्मक एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

## प्रशासन ने कुंडली में शराब ठेके के आसपास से हटाया अवैध अतिक्रमण

- पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, आगे भी अभियान रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

पुलिस ने जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को प्रशासन के साथ मिलकर कुंडली के प्याऊ मनियारी क्षेत्र में शराब ठेके के आसपास किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त ममता सिंह और पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन मेधा भूषण के निर्देशन में की गई।

संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की। इस दौरान एसीपी राई मलकीत सिंह और थाना प्रभारी कुंडली सेठी मलिक अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अतिक्रमण से आम लोगों की आवाजाही और यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा न करें और प्रशासन का सहयोग करें।



सोनीपत। अतिक्रमण हटवाते हुए अधिकारी।



### एसआईआर टीम ने मतदाता सूची सत्यापन कार्य का किया निरीक्षण

गोहाना।विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत चल रहे मतदाता सूची सत्यापन कार्य को लेकर 33-बरोदा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी कम उप मंडल अधिकारी गोहाना अंकित कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को गांव महमूदपुर, अहमदपुर माजरा, जागसी, बिचपड़ी, गंगाना, रानाखेड़ी, मातंड, बुटाना व ईशापुर खेड़ी में उक्त कार्य का औचक निरीक्षण किया। टीम ने बीएलओ व सुपरवाइजर को बीएलओ ऐप की जानकारी दी व ईएफ फॉर्म भरने संबंधी परेशानी को दूर किया। बीएलओ व सुपरवाइजरों को बीएलओ ऐप से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने निरीक्षण के दौरान ऑनलाइन माध्यम से फार्म भरने व ईएफ डिजिटलाइज्ड की जानकारी भी दी। लेखाकार प्रवीन मोर व सन्दीप कादयान ने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित एवं एकत्रित कर रहे हैं।

## शिक्षामंत्री ने बैठक में 22 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना पर की विस्तृत चर्चा

# विकास कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा करें अधिकारी : ढांडा

**कुल बजट का 30 % हिस्सा सड़क एवं ड्रेनेज कार्यों, 10 % सामुदायिक भवनों पर होगा खर्च**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। अधिकारियों की बैठक लेते शिक्षामंत्री साथ में विधायकगण एवं अन्य।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को जिला विकास एवं निगरानी समिति (डीडीएमसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने की। बैठक में जिला योजना योजना के तहत वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के दौरान व्यवहारिक रूप से संभव नहीं हो पाए कुछ कार्यों के स्थान पर नए विकास कार्य शामिल करने के प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समिति ने आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध बचत राशि के उपयोग एवं अतिरिक्त विकास कार्यों की स्वीकृति के संबंध में भी चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के चयन में पिछड़े एवं अविकसित क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जिले के प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में विधायक सोनीपत निखिल मदान, विधायक गन्नौर देवेंद्र कादियान, विधायक बरोदा इंदुराज नरवाल, मेयर राजीव जैन समेत अधिकारीगण मौजूद रहे।

### 30 प्रतिशत बजट सड़क और ड्रेनेज कार्यों के लिए

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कुल बजट का 30 प्रतिशत हिस्सा सड़क एवं ड्रेनेज कार्यों, 10 प्रतिशत सामुदायिक भवनों, 10 प्रतिशत शैक्षणिक अवसंरचना, 10 प्रतिशत महिला एवं बाल विकास, 10 प्रतिशत खेल गतिविधियों तथा शेष 30 प्रतिशत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास पर व्यय किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत सड़क एवं नाला निर्माण, सामुदायिक भवन, चौपाल एवं पंचायत घर, स्कूल एवं कॉलेजों के बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण, आंगनबाड़ी एवं क्रेच भवनों का निर्माण, खेल सुविधाओं के विकास तथा स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, ऊर्जा, पशुपालन जैसे क्षेत्रों में कार्य किए जाएंगे।

### 18.89 लाख हो चुके खर्च

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 22 करोड़ 87 लाख 84 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी, जिसमें सामान्य घटक के लिए 13 करोड़ 72 लाख 70 हजार रुपये तथा एससीएसपी घटक के लिए 09 करोड़ 15 लाख 14 हजार रुपये शामिल थे। इस राशि में से लगभग 18 करोड़ 89 लाख 11 हजार रुपये व्यय किए जा चुके हैं, जबकि 37 लाख 54 हजार रुपये की 2026-27 के लिए लायबिलिटी पेंडिंग हैं।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी

### बिजली कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

**सोनीपत।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा सिटी डिवीजन कार्यालय में केंद्रीय परिषद के आह्वान पर रोष प्रदर्शन किया गया। इस रोष सभा की अध्यक्षता सीटी यूनिट के वरिष्ठ उपप्रधान अनिल कौशिक ने की, मंच संचालन यूनिट सचिव राजकुमार शर्मा ने किया। सभा के माध्यम से नेताओं ने कर्मचारियों की कुछ मुख्य मांगों जैसे कैशलेस मेडिकल सुविधा, पुरानी पेंशन बहाली, रिस्क अलाउंस, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, समान काम समान वेतन, बिजली अलाउंस बढ़ाना आदि के बारे में जागरूक किया और एग्री डिस्कॉम का भारी विरोध किया। इस रोष सभा के माध्यम से सभी कर्मचारियों ने सरकार का विरोध किया। इस दौरान सर्कल सचिव सुमित कटारिया, राजेंद्र रोहिल्ला, सतीश दहिया, मनोज दहिया, सुमित हुड्डा, जगबीर खर्ब, प्रवेश दहिया, मुकेश सरोहा, राजेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सतीश भारद्वाज, राकेश दहिया, मदन कौशिक, तपन चौहान, वेदप्रकाश भारद्वाज, वेदपाल दहिया आदि ने संबोधित किया।

### द्वादशी पर लगाया देसी घी के हलवा-पूरी का भंडारा

**खरखौदा।** थाना कलां मार्ग पर द्वादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम सेवा मंडल के सदस्यों द्वारा शुद्ध देसी घी के हलवा, सब्जी और पूरी का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान श्री श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री श्याम सेवा मंडल से जुड़े मास्टर जयभगवान ने बताया कि मंडल द्वारा प्रत्येक वर्ष द्वादशी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। प्रसाद तैयार करने में शुद्ध देसी घी तथा शुद्ध सरसों के तेल का ही प्रयोग किया जाता है, ताकि श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं सात्विक प्रसाद मिल सके। उन्होंने बताया कि यह धार्मिक परंपरा पिछले कई वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है और हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

**घेवर मित्र मंडलियां बूथ और डेयरियों से खरीद रही देसी घी, सोनीपत में गांव सैदपुर व पिनाना में 5 वर्ष पहले घेवर मित्र मंडली बनाकर घेवर बेचने की हुई थी शुरुआत**

# आसपास के गांवों से दूध लेकर खुद निकाल रहे मावा

## वर्तमान में जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर 70 से ज्यादा दुकानों का हो रहा संचालन

*एक-एक स्टॉल का 8 से 10 युवा कर रहे संचालन, घेवर बनाकर रोजाना हजारों रुपये की होती है कमाई, प्रत्येक युवा पर अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी, युवाओं की टोलियां सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के लिए धीरे-धीरे गांव स्तर पर फैला रही सीजनल व्यापार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के गांव सैदपुर व पिनाना के मार्ग पर करीब 5 वर्ष पहले समोसे से शुरू होकर घेवर तक पहुंचा अस्थायी व्यापार वर्तमान में 70 से ज्यादा दुकानों तक पहुंच गया हैं। अलग-अलग गांवों में घेवर मित्र मंडली के नाम से स्टॉल रूपी दुकानों का संचालन किया जा रहा है। यह अस्थायी दुकानें ग्रामीण अंचल के प्रमुख मार्गों पर टेंट की मदद से लगाई गई हैं। जिन पर जून से सितंबर माह तक अस्थायी व्यापार कर कमाई लाखों रुपये तक पहुंचती हैं। एक-एक स्टॉल का 8 से 10 युवा संचालन कर रहे हैं। कुछ युवा घेवर बनाने में जुटे हैं, तो कुछ को अलग-अलग जैसे बेचने, देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक स्टॉल पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में खरीदारों के पहुंचने से हजारों रुपये कमाई की जा रही है। नो प्रॉफिट-नो लॉस का दावा करने वाले इन युवाओं ने एक किलो घेवर पर केवल 20 रुपये की बचत निर्धारित की है।

- जून से सितंबर माह तक अस्थायी व्यापार कर लाखों तक पहुंचती है कमाई

ग्रामीण अंचल के विभिन्न मार्गों पर स्टॉल रूपी दुकानों का संचालन करने वाले युवा खुद सामान खरीदने से लेकर घेवर तैयार करने, बिक्री करने, व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लिए हुए हैं। अधिकतर स्टॉल पर देसी घी से निर्मित घेवर बेचने का दावा किया जा रहा है। इसके लिए बड़े-बड़े बोर्ड भी लगाए गए हैं। संचालकों की मानें तो इन दुकानों पर घेवर बनाने में प्रयुक्त होने वाला देसी घी वीटा बूथ या प्रताप डेयरी से खरीदा जा रहा है। यह 15 किलो की पेकिंग में हॉलसेल में दुकानों पर उपलब्ध है। इसके अलावा दूध की आसपास के साथ लगते गांवों जैसे सरगथल, कासंडी, नाहरा, जुआं से खरीद की जा रही है। प्रत्येक दुकानों पर रोजाना 250 से 400 लीटर तक दूध की खपत है। दूध से ही मावा तैयार किया जाता है। जिसे घेवर में प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए एक तरफ बिक्री के लिए काउंटर लगाए गए हैं, तो दूसरी ओर घेवर बनाने के लिए रसोई का एरिया रखा गया है। लोगों के सामने घेवर बनाने के साथ इनकी बिक्री की जा रही है। इन दुकानों पर हर समय वाहनों में आने वाले ग्राहकों की भीड़ देखी जा सकती है।



सोनीपत। बड़वासनी के पास खोली गई घेवर की अस्थायी दुकान।

### प्रत्येक दुकान पर सामग्री के अलग-अलग दाम

सर्वे के आधार पर बात करें, तो अलग-अलग इन घेवर मित्र मंडलियों की दुकानों पर सामग्री के दाम में थोड़ा अंतर पाया गया है। हालांकि सभी अस्थायी दुकानों पर वीटा बूथ और प्रताप डेयरी से देसी घी का प्रयोग हो रहा है, लेकिन कुछ दुकानों पर मावे वाला घेवर 400 रुपये, दूध वाला 350, सादा घेवर 300 प्रति रुपये बेचा जा रहा है। इसके अलावा कुछ दुकानों पर मावे वाला घेवर 600 रुपये, दूध वाला 500, सादा 400 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है। दाम के अंतर को लेकर दुकान संचालक अपनी-अपनी गुणवत्तापूर्ण सामग्री के दावे कर रहे हैं।

### सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देना टोलियों का लक्ष्य

आमतौर पर सामने आया है कि युवाओं की टोलियां सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के लिए धीरे-धीरे गांव स्तर पर इस सीजनल व्यापार को फैला रही हैं। हर सीजन में कमाई के अलावा बचत का हिस्सा ज्यादा समाज-समुदाय के प्रति जुड़ाव, जिम्मेदारी की भावना से भलाई, उत्थान व सामाजिक समस्याओं को दूर करने में खर्च कर योगदान निभाया जा रहा है। बड़वासनी के पास घेवर मित्र मंडली के सहयोगी संदीप कुमार, अंकित मलिक ने बताया कि वह बड़वासनी के पास करीब 4 साल से घेवर की अस्थायी दुकान का संचालन कर रहे हैं। सीजन के तीन माह में कमाई की बचत का हिस्सा वैलफेयर सोसायटी की मदद से लावारिस शव के दाह संस्कार पर खर्च किया जा रहा है। साथ ही जरूरतमंदों के लिए एंबुलेंस की सेवा भी संचालित की जा रही है। पिनाना के पास घेवर मित्र मंडली की बात करें, तो गांव के तीन दोस्तों के सहारे शुरू किया गया व्यापार आज गांव के कई बेरोजगारों को 3 माह रोजगार तो दे ही रहा है। इनका लक्ष्य नो प्रॉफिट-नो लॉस पर काम करना है। इसके अलावा हर साल बचत का अधिकतर हिस्सा गौशाला में गोसेवा के लिए हर वर्ष लाखों रुपये देकर चर्चा का विषय बन चुका है।



सोनीपत। गोहाना रोड पर सीएनजी पंप के पास दुकान पर एक तरफ लगा काउंटर, दूसरी तरफ रसोई।




सोनीपत। के गोहाना रोड स्थित एक दुकान पर रखी घी की 15 किग्रा की पैकिंग।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

वैसे तो शरीर को बैलेंसिंग रखना व्यक्ति की अपनी जिम्मेदारी है। फिर भी अगर हम किसी खाद्य पदार्थ का ज्यादा मात्र में सेवन करते हैं, तो इससे शरीर को ही नुकसान होता है। इस प्रकार धूल, मक्खियों, अस्वच्छता के संपर्क वाले घेवर का सेवन करने से शरीर में फूड पॉइजनिंग के साथ उल्टी, दस्त, पेट दर्द होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में खाने व बिक्री करने वाले दोनों लोगों को खाद्य सामग्री को बनाने के साथ उसकी क्वालिटी, रखरखाव पर ध्यान देना जरूरी है। अन्यथा शरीर में बीमारियां पनप सकती हैं। इसके अलावा शुगर वाले मरीजों को घेवर का सेवन करना बिल्कुल मनाही है।

**डॉ. शैलेंद्र राणा, फिजिशियन, नागरिक अस्पताल**

विभिन्न दुकानों पर निरीक्षण में लिए गए घेवर, मावा, देसी घी के सैंपलों को फिलहाल जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। लैब से रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए 14 दिन का इंतजार करना पड़ेगा। लैब रिपोर्ट के बाद ही संबंधित दुकान संचालक पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

-**डॉ. बीरेंद्र यादव,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सोनीपत

# दादा भैया के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु माईराम कौशिक ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई विधानसभा क्षेत्र के गांव जांटी कलां में शुक्रवार को दादा भैया के भंडारे का श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया तथा धार्मिक आयोजन में अपनी आस्था व्यक्त की। भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक पहुंचे, जहां आयोजकों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर दादा भैया का आशीर्वाद लिया तथा श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर माईराम कौशिक ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में भाईचारे, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ती है तथा सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सौहार्द और समरसता बनाए रखने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कार्यक्रम के दौरान विशाल, मुकेश, मास्टर सतभगवान, पूर्व सरपंच जसवीर, पप्पे सहित अन्य ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


राई। दादा भैया के भंडारे में भाजपा नेता माईराम कौशिक भंडारे में ग्रामीणों के साथ ।

# ब्राह्मण चौपाल और एससी चौपाल के जीर्णोद्धार पर खर्च होंगे 85 लाख रुपये


खरखौदा। ब्राह्मण चौपाल का मुख्य द्वार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत खरखौदा की ब्राह्मण चौपाल और एससी चौपाल के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण पर करीब 85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दोनों परियोजनाओं के एस्टीमेट तैयार हो चुके हैं और अब केवल तकनीकी मंजूरी मिलना बाकी है। मंजूरी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर कार्य का शुभारंभ कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, पिछले लंबे समय से दोनों चौपाल जर्जर अवस्था में थीं और इनके जीर्णोद्धार की मांग लगातार उठ रही थी, लेकिन विभिन्न कारणों से कार्य शुरू नहीं हो सका। अब नगर पालिका ने इस दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद टेंडर जारी किए जाएंगे और निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इन कार्यों के पूरा होने से ब्राह्मण चौपाल, एससी चौपाल तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सामुदायिक सुविधाएं मिलेंगी।

## न्यूज डायरी

### बाबा सीताराम की 41 दिन की कठोर पंचधूनी तपस्या पूर्ण



**गोहाना।** गांव जौली में निर्णाधीन खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को बाबा सीताराम की 41 दिवसीय पंचधूनी कठोर तपस्या पूर्ण हो गई। तपस्या पूर्ण होने पर मंदिर में हवन व भंडारा आयोजित किया गया। हवन में गांव रभड़ा स्थित डेरा बाबा मजलिस नाथ के प्रमुख महंत बाबा चमन नाथ ने संत-महात्माओं व श्रद्धालुओं के संग पूर्णाहुति डाली। क्षेत्र के गांव जौली में नहर के किनारे खाटू श्याम के मंदिर का निर्माणकार्य चल रहा है। गांव जौली, लाठ और खेड़ी दमकन सहित आसपास के अन्य गांवों के श्रद्धालुओं के लिए यह स्थल आस्था का केंद्र है। हवन में बाबा चमन नाथ, बाबा बलबीर दास, बाबा भोला दास, बाबा सीताराम, बाबा महावीर दास, बाबा अजय गिरी, बाबा भूपानाथ, कांग्रेस जिला सोनीपत के महासचिव प्रदीप चहल, सरपंच जसबीर बिचपड़ी, संदीप जौली, अमित चहल, सोनू लाठ, सुमित चहल आदि रहे।

### बीटेक प्रवेश प्रक्रिया का कुलपति ने किया निरीक्षण



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में बीटेक पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को एडमिशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न काउंटरों का जायजा लिया और विद्यार्थियों व अभिभावकों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कुलपति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान किसी भी विद्यार्थी को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार दस्तावेज सत्यापन, हॉस्टल आवंटन, बैंकिंग, मेडिकल जांच, फोटो कॉपी और फैमिली आईडी संबंधी समस्याओं के समाधान सहित सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई हैं।

### पांची जाटान अड्डे पर आरओ वाटर कूलर का किया लोकार्पण



**गन्नौर।** गांव पांची जाटान अड्डे पर राहगीरों और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवा डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा आरओ वाटर कूलर स्थापित किया गया। शुक्रवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने वाटर कूलर का शुभारंभ किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गर्मी के मौसम में स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना जनसेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। इसी उद्देश्य से देवा डेवलपमेंट सोसायटी के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर आरओ वाटर कूलर लगाए हैं, ताकि राहगीरों और स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि देवा डेवलपमेंट सोसायटी के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार काम किए जा रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# विश्व पैरा तीरंदाजी सीरीज के लिए भारतीय दल चेक गणराज्य रवाना

- हरविंदर, शीतल और भावना सहित 32 सदस्यीय दल 27 जून से नोवे मेस्टो में पेश करेगा चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बहालगढ़ के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित चयन ट्रायल के आधार पर चयनित भारत का 32 सदस्यीय पैरा तीरंदाजी दल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चेक गणराज्य रवाना हो गया है। आगामी 27 जून से 5 जुलाई तक नोवे मेस्टो नाड मेटुजी में हुंडई विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के दूसरे चरण का आयोजन होना है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह, स्टार खिलाड़ी शीतल देवी और भावना सहित देश के 16 प्रमुख पैरा तीरंदाज पदक के लिए दांव खेलेंगे। खिलाड़ियों के साथ 16 सदस्यीय कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ भी भेजा गया है। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के प्रशासनिक अधिकारी गुंजन अबरोल ने बताया कि महासंघ ने इस प्रतियोगिता के लिए 32 सदस्यीय भारतीय दल को अंतिम रूप दिया है। पूरी टीम बहालगढ़, सोनीपत स्थित साई केंद्र से चेक गणराज्य के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम का चयन 19 से 21 मई तक सोनीपत साई केंद्र में आयोजित दूसरे पैरा असेसमेंट ट्रायल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।


सोनीपत। रवाना होता खिलाड़ियों का दल।

### साथ रहेगा 16 सदस्यीय सहयोगी स्टाफ

खिलाड़ियों की मदद और बेहतर प्रदर्शन के लिए पांच कोच, दो फिजियोथेरेपिस्ट, एक मनोवैज्ञानिक और अटेंडेंट भी चेक गणराज्य गए हैं। कोचिंग स्टाफ में महर्षि महेंद्र सिंकू, सुरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, गौरव शर्मा और रंजीत राजेंद्र चामले शामिल हैं। जय सिंह यादव और मेघना नंदी फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में टीम के साथ रहेंगे, जबकि देवेशी खन्ना खिलाड़ियों के मानसिक परामर्श की जिम्मेदारी संभालेंगी।

### इन खिलाड़ियों को मिला मौका

- ▶▶ पैरा रिकर्व स्पर्धा के पुरुष वर्ग में विजय सुंडी, हरविंदर सिंह और साहिल देश की चुनौती पेश करेंगे, जबकि महिला वर्ग में भावना, पूजा और पूजा कुमारी को शामिल किया गया है।
- ▶▶ पैरा कंपाउंड वर्ग के पुरुष मुकाबले में तोमन कुमार, श्याम सुंदर स्वामी और विवेक छिक्कारा निशाना लगाएंगे, वहीं महिला वर्ग में स्टार तीरंदाज शीतल देवी, पायल नाग और ज्योति पर जिम्मेदारी होगी।
- ▶▶ डब्ल्यू-1 वर्ग के पुरुष मुकाबले में आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और विनायक अमोल ब्रीड को जगह मिली है, जबकि महिला वर्ग में स्वाति चौधरी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके अलावा दृष्टिबाधित (वीआई-1) पुरुष वर्ग में युगल गर्ग टीम का हिस्सा होंगे।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन कवि एवं अतिथिगण।

### संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुई काव्य गोष्ठी

**सोनीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में अखिल भारतीय साहित्य परिषद हरियाणा की काव्य गोष्ठी गेटवे इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद हरियाणा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सारस्वत मनीषी ने की और मुख्य अतिथि डॉ. धर्मवीर मलिक योगी रहे। कार्यक्रम में राजेश चेतन, दास आनंद आरोही, डॉ. अशोक बत्रा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. शिवकांत शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा हरियाणा के साहित्य परिषद की इकाइयों से अध्यक्ष एवं महामंत्री और काव्य पाठ करने के लिए अनेक कवि उपस्थित रहे। लगभग 30 कवि इस काव्य पाठ में शामिल हुए। सब की कविताएं संघ के मूल उद्देश्यों पर आधारित रही। हिंदू को हिंदुत्व से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय परंपरा और सनातन संस्कृति की पहचान बनाए रखने के लिए संघ की विचारधाराओं से ओतप्रोत कविताएं गाई और सुनाई गई। सर्वप्रथम डॉ. सारस्वत मोहन मनीषी, डॉ. शिवाकांत शर्मा, डॉ. धर्मवीर मलिक योगी, डॉ. पूरणमल गौड़, रामधन शर्मा, डॉ. मनोज भारत, जगदीप राही, पूर्व प्राचार्य कमलेश मलिक, गीता सैनी ने दीप प्रज्वलन में अपनी भूमिका अदा की।

## किसानों का तीन साल पुराना आंदोलन समाप्त

# हाईटेंशन लाइन प्रभावित किसानों को मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के 17 गांवों में बिजली की हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों के लिए राहत की खबर है। जिला प्रशासन ने बाजार दर पर प्रस्तावित मुआवजा दरों को मंजूरी देते हुए अंतिम आदेश जारी कर दिए हैं। इस निर्णय पर उपायुक्त की अंतिम मुहर लग गई है। इससे पहले 24 जून को अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मार्केट रेट कमेटी की बैठक में मुआवजे की दरें तय की गई थीं। अंतिम आदेश जारी होने में देरी के कारण किसानों और प्रशासन के बीच पिछले दो दिनों से बातचीत का दौर चल रहा था।



### किसानों ने संघर्ष को बताया ऐतिहासिक जीत

तीन दौर की बैठकों के बाद शुक्रवार शाम करीब पांच बजे उपायुक्त ने अंतिम आदेशों पर हस्ताक्षर कर दिए। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के नेतृत्व में 17 गांवों के किसान पिछले तीन वर्षों से उचित मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। इस दौरान कई बार धरने, प्रदर्शन और पंचायतें हुईं। किसानों का पक्ष था कि खेतों से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनें कृषि कार्य और जमीन की कीमत को प्रभावित करती हैं। लंबे संघर्ष के बाद केंद्र सरकार ने ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के दिशा-निर्देशों के तहत 21 मार्च 2025 को नए कानूनी प्रावधान लागू किए थे। इसी के आधार पर अब वास्तविक बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा तय किया गया है। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने इसे किसानों के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत बताया। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर 2023 से शुरू हुआ यह आंदोलन अब सफलतापूर्वक समाप्त हो गया है। राष्ट्रीय स्तर के इस मुद्दे का समाधान नीतिगत तरीके से हुआ है। उन्होंने इसके लिए ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। वहीं ढांढा खाप के प्रधान उमेश ढांढा ने कहा कि यह किसानों की एकजुटता की जीत है।